प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 17.08.2025 (दोपहर–1455 बजे)

राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ कल से नई दिल्ली में 30वीं राष्ट्रीय गोष्ठी आयोजित करेगी। यह विद्यापीठ आयुष मंत्रालय के अंतर्गत एक स्वायत्त संस्था है। आयुष मंत्रालय ने एक बयान में बताया है कि इस वर्ष का विषय है– आयुर्वेद के माध्यम से बाल चिकित्सा में रोग और कल्याण का प्रबंधन। मंत्रालय ने कहा कि दो दिन की इस गोष्ठी में जाने माने शिक्षाविद्, चिकित्सक, शोधकर्ता और छात्र, बाल स्वास्थ्य तथा कल्याण को बढ़ावा देने के लिए पारंपरिक आयुर्वेदिक और समकालीन साक्ष्य–आधारित पद्धतियों के बारे में विचार–विमर्श करेंगे।

***************

रामगढ़ के रजरप्पा स्थित दामोदर नदी घाट पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने पिता और पूर्व मुख्यमंत्री दिवंगत दिशोम गुरु शिबू सोरेन की अस्थियां पारंपरिक रीति–रिवाज से विसर्जित कीं। स्थानीय पाहन ने विधिवत रीति–रिवाज के साथ विसर्जन की प्रक्रिया पूरी कराई, इस दौरान उनके छोटे भाई विधायक बसंत सोरेन सहित परिजन और नेमरा ग्रामवासी मौजूद रहे।

***************

जामताड़ा जिला प्रशासन की पहल पर जिले के उच्च विद्यालयों के छात्र–छात्राओं को सुरक्षित इंटरनेट सेवा का उपयोग एवं साइबर फ्रॉड के बारे में विस्तृत जानकारियां देकर जागरूक किया जा रहा है। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता –

***************

गिरिडीह जिले के धरमपुर गांव निवासी सीआईएसएफ जवान संजय मुर्मू जम्मू–कश्मीर के किश्तवाड़ में ड्यूटी के दौरान बादल फटने की चपेट में आकर शहीद हो गए। सरिया–बगोदर के एसडीपीओ धनंजय राम ने बताया कि घटना 15 अगस्त को हुई थी। शहीद का पार्थिव शरीर श्रीनगर से गिरिडीह लाया जा रहा है।

***************

दक्षिण–पूर्व रेलवे ने टाटानगर से चलने वाली और गुजरने वाली कई ट्रेनों के परिचालन में अस्थायी बदलाव की घोषणा की है। 22 अगस्त को टाटा–हटिया एक्सप्रेस को डायवर्ट किया जाएगा, जबकि 24 अगस्त को बक्सर–टाटा एक्सप्रेस 90 मिनट की देरी से खुलेगी। साथ ही कल से 24 अगस्त के बीच आद्रा और आसनसोल रूट पर कई मेमू पैसेंजर रद्द रहेंगी या शॉर्ट टर्मिनेट की जाएंगी, वहीं बर्द्धमान–हटिया और जगन्नाथपुर–धनबाद एक्सप्रेस भी कुछ दिनों तक सीमित रूट पर चलेगी। रेलवे ने यात्रियों से अपील की है कि वे यात्रा से पहले ट्रेनों की स्थिति की जानकारी अवश्य प्राप्त करें।

***************

मेदिनीनगर सदर थाना क्षेत्र में प्रेम प्रसंग के कारण एक युवक की हत्या कर दी गई और शव को रेलवे ट्रैक पर फेंककर दुर्घटना का रूप देने की कोशिश की गई। पुलिस ने कुछ ही घंटों में उद्भेदन करते हुए घटना में इस्तेमाल रस्सी, गमछा, मोबाइल फोन और मोटरसाइकिल बरामद की। एसपी रिष्मा रमेशन ने जानकारी दी कि इस मामले में प्रेमिका के पिता, मां, दादा और भाई को गिरफ्तार किया गया है।

***************

सिमडेगा के कोलेबिरा प्रखंड में अनुमंडल पदाधिकारी प्रभात रंजन ज्ञानी के नेतृत्व में छापेमारी कर दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया। अनुमंडल पदाधिकारी ने जानकारी दी कि उनके पास से लगभग 60 किलो मादक पदार्थ बरामद किया गया है और गिरफ्तार तस्करों से पूछताछ कर नेटवर्क और अन्य सहयोगियों का पता लगाया जा रहा है।

***************

मौसम विभाग ने अगले कुछ घंटों के अंदर बोकारो और हजारीबाग जिले के कुछ हिस्सों में मध्यम दर्जे की बारिश के साथ गर्जन और वज्रपात की संभावना जताई है। इस दौरान 30 से 40 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से तेज हवाएं भी चल सकती हैं। मौसम विभाग ने लोगों को सुरक्षित स्थान पर शरण लेने और खुले में खड़े न रहने की अपील की है।

******समाप्त******